**LSE-13**

# सत्रीय कार्य पुस्तिका

# विज्ञान में स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.एससी.)
# में
# ऐच्छिक पाठ्यक्रम

## पादप विविधता-II

**1 जनवरी, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 तक वैध**

**सत्रांत परीक्षा के लिए फार्म भरने से पहले सत्रीय कार्य जमा करना अनिवार्य है।**

**कृपया ध्यान दें**

- बी.एससी. कार्यक्रम में ऐच्छिक पाठ्यक्रम चार विषयों – रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित और जीव विज्ञान – में उपलब्ध हैं। ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के कुल क्रेडिट 56 या 64 **कम से कम दो** और **अधिकतम चार** विषयों, में से हो सकते हैं।

- आपके द्वारा चुने गए किसी भी विषय में आपको **कम से कम 8 क्रेडिट** के ऐच्छिक पाठ्यक्रम लेने होंगे। किसी भी विषय में आप **अधिक से अधिक 48 क्रेडिट** के ऐच्छिक पाठ्यक्रम ले सकते हैं।

- आप भौतिकी, रसायन तथा जीव विज्ञान के ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के जितने कुल क्रेडिट लेते हैं, उनमें से **कम से कम 25 प्रतिशत प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों** के होने चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आप इन तीन विषयों में कुल 64 क्रेडिट के पाठ्यक्रम लेते हैं, तो इनमें से कम से कम 16 क्रेडिट प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों के होने चाहिए।

- किसी पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराए बिना आप उसकी सत्रांत परीक्षा में नहीं बैठ सकते। अगर आप ऐसा करते हैं तो उस पाठ्यक्रम का परीक्षाफल रोक दिया जाएगा और इसका दायित्व भी आप पर ही होगा।


इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

**विज्ञान विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068**

**(2022)**

प्रिय विद्यार्थी,

हम उम्मीद करते हैं कि स्नातक उपाधि कार्यक्रम में अपनायी गयी मूल्यांकन पद्धति से आप भली-भांति परिचित हैं। आपके नामांकन के बाद हमने आपको ऐच्छिक पाठ्यक्रम की एक कार्यक्रम दर्शिका भेजी थी। उसमें सत्रीय कार्य से संबंधित जो भाग हैं उसे कृपया दुबारा पढ़ लें। जैसा कि आप जानते हैं निरन्तर मूल्यांकन के लिए 30% अंक निर्धारित किये गये हैं। इसके लिए आपको **एक सत्रीय कार्य** करना होगा। यह सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में शामिल है।

**सत्रीय कार्य से संबंधित निर्देश**

इससे पहले कि आप किसी प्रश्न का उत्तर लिखें, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1) अपनी उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर निम्नलिखित प्रारूप के आधार पर विवरण लिखें।

---

नामांकन संख्या : .....................

नाम : ...............................

पता : ...............................

...............................

पाठ्यक्रम संख्या : ....................................

...............................

पाठ्यक्रम शीर्षक : ....................................

सत्रीय कार्य संख्या : ....................................

अध्ययन केंद्र : .................................... दिनांक : ..............................

---

**कार्य के सही और शीघ्र मूल्यांकन के लिए दिये गये प्रारूप का सही अनुसरण करें।**

2) अपना उत्तर लिखने के लिए फुलस्कैप काग़ज़ का इस्तेमाल करें, जो ज़्यादा पतला न हो।

3) प्रत्येक काग़ज़ पर बांयें, ऊपर और नीचे 4 से. मी. की जगह छोड़ें।

4) आपके उत्तर स्पष्ट होने चाहिए।

5) प्रश्नों के हल लिखते समय, स्पष्ट संकेतों द्वारा बताएं कि किस प्रश्न का कौनसा भाग हल किया जा रहा है।

6) यह सत्रीय कार्य 1 जनवरी, 2022 से लेकर 31 दिसम्बर, 2022 तक वैध हैं। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका के मिलने के 12 हफ्तों के अन्दर ही सत्रीय कार्य पूरा करने की कोशिश कीजिए, ताकि सत्रीय कार्य का एक शिक्षण साधन की तरह उपयोग हो सके। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होनें वाली उत्तर पुस्तिकाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

7) परीक्षा फार्म भरने से पहले सत्रीय कार्य करना अनिवार्य है।

अपनी उत्तर पुस्तिका की फ़ोटोकॉपी ज़रूर रखिए।

**शुभकामनाओं के साथ।**

# सत्रीय कार्य
# (अध्यापक जांच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड : LSE-13**
**सत्रीय कार्य कोड : LSE-13/TMA/2022**
**कुल अंक : 100**

---

1. कोष्ठ अ को कोष्ठ ब में दिए गए शब्दो से मिलाइए । (1×5=5)

| **कोष्ठ अ** | | **कोष्ठ ब** | |
|---|---|---|---|
| i) | अधिकतर कागज उद्योग में प्रयुक्त होनी हैं | क) | *जैमिआ पिग्मेइ* |
| ii) | सबसे छोटा जिमनोस्पर्म | ख) | *ऐलियम सीपा* |
| iii) | *वैलविशिया* | ग) | रूबिएसी |
| iv) | प्याज | घ) | *पाइसिया* जाति |
| v) | पीपिलिका रागिता | ङ) | विकलांग पौधा |

2. क) निम्नलिखित के रेखांकित चित्र बनाइए । (2½×4=10)

   i) *पाइनस* की सुई की अनुप्रस्थ काट

   ii) आर्किड के जड़ की अनुप्रस्थ काट

   iii) कार्योप्सिस (*जिआ मेज*) की आरेखी अनुदैर्ध्य काट

   iv) *सिट्रस* फल की अनुप्रस्थ काट

   ख) निम्न के वानस्पतिक नाम लिखिए (1×5=5)

   i) लौंग

   ii) पपीता

   iii) सोयाबीन

   iv) टमाटर

   v) काजू

3. निम्नलिखित तकनीकी शब्दों की परिभाषा लिखिए तथा उन कुल के नाम लिखिए जिनमें ये संरचना पाई जाती है – (1×5=5)

   i) मोनोएडलफस पुंकेसर

   ii) पोलीनियम

   iii) जायांगधारी वर्तिका

   iv) उत्क्षेपक

   v) कूटचक्रक पुष्पक्रम

4. क्रियात्मक विविधता के आधार पर चित्र सहित मृदूतक का वर्गीकरण कीजिए । (5)

5. कॉफी की बेरियां तोड़ने के समय से लेकर कॉफी पाउडर के बनने तक के सभी चरणों के बारे में लिखिए। (10)

6. आवृतबीजियों में पाए जाने वाले सामान्य अनुकूलनों की सूची बनाइए जो स्वपरागण को रोकते हैं या उसकी संभावनाओं को कम करते हैं । (5)

7. किन्ही दस ऐसी पादप जातियों के नाम बताइए जिनसे मसाले प्राप्त किए जाते हैं। उनके वानस्पतिक नाम और उन पादप भागों को बताइए जिनका मसाले के रूप में उपयोग किया जाता है। (5)

8. क) किन्ही छह वनस्पति तेल उत्पादक पौधो के वानस्पतिक नाम लिखिए। (3+2=5)

   ख) माँसभक्षी पादपों की सामान्य विशेषताएं बताइए। (5)

9. आवृतबीजी पादपों की पत्ती, तने और जड़ों में होने वाले उन अनुकूलनों की चर्चा कीजिए जो विश्व में पादपो को सबसे प्रभावी रूप बनाते हैं। (10)

10. ब्रेसीकेसी व मालवेसी कुलों का तुलनात्मक अध्ययन पत्ती, पुष्पक्रम, पुष्प, पुमंग तथा जायांग के संदर्भ में कीजिए । (10)

11. म्यूकेसी व लिलिएसी कुलों का तुलनात्मक अध्ययन पत्ती, पुष्पक्रम, पुष्प, पुमंग तथा जायांग के संदर्भ में कीजिए । (10)

12. क) *पाइनस* और *नीटम* के मादा युग्मकोद्भिद्र की तुलना उचित आरेखों के साथ कीजिए। (10)

    ख) *साइकस* की सामान्य और प्रवाल मूलों की सुनामांकित आरेखों के साथ तुलना कीजिए।